The

ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

CURRENT AFFAIR

17 - 02– 2023

FRIDAY



1. निक्की हेली साल 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव लड़ेगी

रिपब्लिकन निक्की हेली ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में अपनी उम्मीदवारी के लिए दावेदारी की औपचारिक घोषणा कर दी है। इसके साथ ही, उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले खुद को एक युवा और नए विकल्प के रूप में पेश किया है। उन्होंने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के एक वीडियो के माध्यम से अपनी दावेदारी पेश की है। उनकी इस औपचारिक घोषणा का यह मतलब है कि वह उम्मीदवारी हासिल करने के लिए ट्रंप (76) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में शामिल होने वाली पहली दावेदार होंगी। उल्लेखनीय है कि हेली और ट्रंप, दोनों रिपब्लिकन पार्टी से हैं। राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया में शामिल होने से पहले हेली को रिपब्लिकन पार्टी की प्रेसीडेंशियल प्राइमरी में जीत हासिल करनी होगी, जो अगले साल जनवरी में होगा। यदि निक्की अपनी पार्टी में चुनाव जीतती हैं, तो संभवत: उनका मुकाबला कमला हैरिस से हो सकता है, जो वर्तमान में अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। ये दोनों ही नेता भारतवंशी हैं। निक्की 2011 से 2017 तक साउथ कैरोलिना की 116वीं गवर्नर रहीं। वे अमेरिका में सबसे कम उम्र (38 साल) में गवर्नर बनीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें जनवरी 2017 से दिसंबर 2018 तक अमेरिका का 29वां यूनाइटेड नेशंस का एंबेसडर नियुक्त किया। 2017 में वे प्रेसीडेंशियल कैबिनेट की पहली इंडियन-अमेरिकन सदस्य बनीं। 2018 में उन्होंने स्वेच्छा से एंबेसडर का पद छोड़ दिया।

2. भारतीय-अमेरिकी नील मोहन, जो बने यूट्यूब के नए सीईओ

भारतीय मूल के अमेरिकी नील मोहन ने यूट्यूब की कमान संभाल ली है. YouTube के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नील मोहन की पदोन्नति हुई है. नील मोहन वर्तमान में YouTube के मुख्य उत्पाद अधिकारी (Chief Product Officer) हैं. YouTube से जुड़ने से पहले मोहन Google में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (SVP) और वीडियो विज्ञापन थे. वह 2015 में यूट्यूब के प्रमुख उत्पाद अधिकारी बने."नील मोहन अब माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई सहित यूएस-आधारित वैश्विक दिग्गजों के शीर्ष पर भारतीय मूल के सीईओ की बढ़ती सूची में शामिल होंगे. नील मोहन ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग में स्नातक किया है. वो लंबे वक्त से सुसान वोजिकी के सहयोगी रहे, 2007 में DoubleClick अधिग्रहण के साथ Google में शामिल हुए थे. मोहन को 2015 में YouTube में चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर नियुक्त किया गया था. उन्होंने YouTube में चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए शॉर्ट्स, म्यूजिक और सब्सक्रिप्शन पर फोकस किया. नील मोहन माइक्रोसॉफ्ट के साथ भी काम कर चुके हैं.

3. दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए जाएंगे 12 चीते

दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को लाने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के आइजी अमित मलिक के नेतृत्व में विशेषज्ञों का चार सदस्यीय दल दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो गया। 16 फरवरी को चीतों को लाने के लिए विमान दिल्ली से साउथ अफ्रीका जाएगा। दल में डीआइजी फारेस्ट राजेंद्र गढ़वाल, डॉ. सनत मुलिया, अमृतांशु सिंह शामिल हैं। महत्वाकांक्षी चीता पुन: परिचय कार्यक्रम (Cheetah reintroduction programme) के तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, 2022 को अपने 72 वें जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए 8 चीतों के पहले बैच जिसमें पांच मादा और तीन नर थे- को एक बाड़े में छोड़ा था। 1952 में भारत में चीता विलुप्त हो गए थे। प्रोजेक्ट चीता, जिसे भारत में चीता की शुरूआत के

लिए कार्य योजना भी कहा जाता है, देश में बड़ी चीता को फिर से पेश करने के लिए शुरू की गई थी। इसे प्राप्त करने के लिए, भारत ने दक्षिण अफ्रीका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत दक्षिण अफ्रीका अगले 8 से 10 साल तक हर साल 12 चीते भेजेगा। यह परियोजना वानिकी विभाग, दक्षिण अफ्रीकी संगठनों, राष्ट्रीय जैव विविधता संस्थान, लुप्तप्राय वन्यजीव ट्रस्ट आदि द्वारा कार्यान्वित की जाती है। दुनिया के 7,000 चीतों में से अधिकांश दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और बोत्सवाना में रहते हैं। नामीबिया में चीतों की दुनिया की सबसे बड़ी आबादी है।

4. ब्रिटेन की महारानी के ताज में नहीं होगा कोहिनूर

ब्रिटेन की महारानी कैमिला ने छह मई को अपने पति महाराजा चार्ल्स तृतीय के साथ होने वाली अपनी ताजपोशी के जो ताज पहनेगी उसमें कोहिनूर हीरा नहीं जड़ा होगा. ब्रिटेन के शाही परिवार के आधिकारिक आवास बकिंघम पैलेस ने यह घोषणा की. बता दें कोहिनूर हीरा का इतिहास खासा विवादित रहा है और इस पर भारत अपना दावा करता है. कैमिला ने ताजपोशी के लिए महारानी मैरी के ताज का चयन किया है. इसका अर्थ है कि उसमें दुनिया के सबसे बेशकीमती एवं बड़े कटे हुए हीरों में शामिल हीरे की केवल रेप्लिका होगी. दरअसल मूल हीरा महारानी एजिलाजेथ द्वितीय की मां- राजमाता महारानी एलिजाबेथ के ताज की शोभा बढ़ा रहा है. पैलेस ने कहा कि क्वीन मैरी क्राउन को छह मई के समारोह के लिए 'टावर ऑफ लंदन' में प्रदर्शनी से हटा दिया गया है. दरअसल, 105 कैरेट के कोहिनूर की गिनती दुनिया के सबसे बड़े कटे हुए हीरों में से एक के रूप में होती है। इसे औपनिवेशिक युग के दौरान ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत से लिया था। महारानी विक्टोरिया को भेंट किया गया कोहिनूर अंतिम बार चार्ल्स की दादी ने अपने राज्याभिषेक के दौरान पहना। कोहिनूर को ब्रिटेन के शाही मुकुट में जड़ा गया है। क्वीन एलिजाबेथ के निधन के बाद कोहिनूर को वापस लाने की डिमांड जोर पकड़ने लगी है। अंग्रेजी हुकूमत से 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद से भारत के अलावा, पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी कोहिनूर पर स्वामित्व का दावा कर चुके हैं।

5. भारत-अमेरिका अभ्यास तरकश

संयुक्त अभ्यास तारकश का छठा संस्करण हाल ही में चेन्नई में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) और यूएस स्पेशल ऑपरेशंस फोर्स (SOF) द्वारा संपन्न हुआ। यह राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) और यूएस स्पेशल ऑपरेशंस फोर्स (SOF) द्वारा एक संयुक्त अभ्यास है। यह अभ्यास का छठा संस्करण है जो 16 जनवरी से शुरू हुआ और 14 फरवरी को समाप्त हुआ। इस अभ्यास में पहली बार "रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (CBRN) आतंक प्रतिक्रिया" को शामिल किया गया है। इस अभ्यास में आतंकवादियों द्वारा रासायनिक और जैविक हमलों से निपटने के लिए एक अभ्यास भी शामिल किया गया था। रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में रासायनिक और जैविक हमलों को अभ्यास का हिस्सा बनाया गया है। पिछले साल, रूस ने यूक्रेन पर पश्चिमी देशों से सहायता प्राप्त करने और खार्किव में रासायनिक हमला करने का आरोप लगाया था। इस अभ्यास का उद्देश्य आतंकवादियों को बेअसर करना, बंधकों को सुरक्षित छुड़ाना और आतंकवादियों द्वारा ले जाए जा रहे रासायनिक हथियारों को निष्क्रिय करना है। इन हथियारों को सामूहिक विनाश के हथियारों (WMD) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अतीत में इन हथियारों का उपयोग राज्यों और आतंकवादी समूहों द्वारा किया गया है। 2017 में सीरिया में सरीन गैस हमले के रूप में CBRN का सबसे हालिया उपयोग हुआ था जिसमें 100 से अधिक लोग मारे गए थे। ये हथियार अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है।

6. RCB ने सानिया मिर्जा को WPL में महिला टीम का मेंटर बनाया

भारतीय महिला टेनिस स्टार सानिया मिर्ज़ा को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने WPL यानी वूमेंस प्रीमियर लीग में अपना मेंटर बनाया है। RCB ने इस बात की पुष्टि सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से की है। WPL का आयोजन मुंबई में 4 से 26 मार्च 2023, तक किया जाएगा। स्मृति मंधाना के साथ ऑस्ट्रेलियाई स्टार ऑलराउंडर एलिसे पेरी, न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन और इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट आरसीबी की शीर्ष खिलाड़ी हैं। सानिया मिर्जा ने अपने 6 ग्रैंड स्लैम और 43 डब्ल्यूटीए खिताबों के शानदार करियर में 20 साल तक शानदार प्रदर्शन किया। सानिया ने छह ग्रैंड स्लैम खिताबों में से तीन मिश्रित युगल ट्राफियां हैं जोकि उन्होंने महेश भूपति (2009 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2012 फ्रेंच ओपन) और ब्राजीलियाई ब्रूनो सोरेस (2014 यूएस ओपन) के साथ जीतीं हैं। सानिया मिर्जा अपने खेल करियर में कई चुनौतियों के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प से उपजी सफलता के साथ एक आदर्श रोल मॉडल हैं।

7. सुभाष चंद्रन को 'समुद्रशिला' के लिए केरल के अकबर कक्कट्टिल पुरस्कार से किया सम्मानित

लेखक सुभाष चंद्रन के उपन्यास समुद्रशिला को कोझिकोड के लघु कथाकार और उपन्यासकार की स्मृति में एक ट्रस्ट द्वारा स्थापित अकबर कक्कट्टिल पुरस्कार के लिए चुना गया है। उपन्यास का चयन पिछले पांच वर्षों में प्रकाशित साहित्यिक कृतियों में से तीन सदस्यीय जूरी द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में लेखक एम. मुकुंदन द्वारा सुभाष चंद्रन को ₹ 50,000 और एक मूर्ति का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा । अकबर कक्कट्टिल केरल राज्य के एक भारतीय लघु-कथा लेखक और उपन्यासकार थे और उन्हें दो बार केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है ।

केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2001: घाटिकारंगल निलयकुन्ना समयम (कहानी)

केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2011: मनुष्यु ओरु अमुखम (उपन्यास)

ओडक्कुझल पुरस्कार, 2011: मनुष्यु ओरु अमुखम

केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2014: मनुष्यु ओरु अमुखम

वायलार पुरस्कार, 2015: मनुष्यु ओरु अमुखम

पद्मराजन पुरस्कार, 2019: समुद्रशिला

सर्वश्रेष्ठ उपन्यास के लिए ओ वी विजयन पुरस्कार, 2020: समुद्रशिला

8. RBI ने NEFT और RTGS सिस्टम में किया बड़ा बदलाव, जारी- नई गाइडलाइन

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) से जुड़े लेनदेन को लेकर एनईएफटी और आरटीजीएस प्रणालियों में जरूरी बदलाव किया है। निर्देश 15 मार्च, 2023 से प्रभाव में आएंगे। आरबीआई ने सर्कुलर में कहा कि गृह मंत्रालय की मौजूदा आवश्यकताओं के संबंध में ऐसे लेनदेन में दानकर्ता के नाम, पता, मूल देश, रकम, मुद्रा और पैसे भेजने के उद्देश्य समेत सभी विवरण दर्ज करना जरूरी है। विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत विदेशी चंदा एसबीआई की नयी दिल्ली मुख्य शाखा के एफसीआरए खाते में ही आना चाहिए. विदेशी बैंकों से एफसीआरए खाते में योगदान स्विफ्ट (सोसायटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशंस) और भारतीय बैंकों से एनईएफटी (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर) और आरटीजीएस (रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) के जरिये भेजा जाता है. आरबीआई ने बैंकों से एनईएफटी और आरटीजीएस प्रणाली के माध्यम से एसबीआई को विदेशी दान भेजते समय अपेक्षित विवरण प्राप्त करने के लिये आवश्यक परिवर्तन करने को कहा है. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 2014 में सत्ता में आने के बाद से, एफसीआरए से संबंधित नियमों को कड़ा किया गया है. इसके तहत कानून के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करने को लेकर लगभग 2,000 गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के एफसीआरए पंजीकरण भी रद्द किये गए हैं.

QUIZ

1. उत्तर प्रदेश के आंवला और फूलपुर में इफको-आईएफएफसीओ के नैनो यूरिया तरल (लिक्विड) संयंत्रों का उद्घाटन किसने किया?

a) योगी आदित्यनाथ
b) नरेन्द्र सिंह तोमर
c) राजनाथ सिंह
d) डॉ. मनसुख मांडविया

Ans :- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री, डॉ मनसुख मंडाविया ने 14 फरवरी को उत्तर प्रदेश के आंवला और फूलपुर में इफको नैनो यूरिया तरल संयंत्रों का उद्घाटन किया। नैनो यूरिया आने वाले समय में किसानों की प्रगति सुनिश्चित करने के साथ ही उनकी आय में वृद्धि करेगा। इस तरह यह हमारे किसान के भविष्य को बदल देगा। नैनो यूरिया सबसे अच्छी हरित तकनीक है और प्रदूषण का समाधान प्रदान करती है।

2. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किस राज्य की पुलिस को प्रेसिडेंट कलर अवार्ड से सम्मानित किया?

a) हरियाणा पुलिस
b) पंजाब पुलिस
c) दिल्ली पुलिस
d) राजस्थान पुलिस

Ans :- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 14 फरवरी को हरियाणा पुलिस को प्रेसिडेंट कलर अवार्ड से सम्मानित किया। प्रेसिडेंट कलर किसी सैन्य इकाई को शांति और युद्ध के दौरान राष्ट्र की असाधारण सेवा के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। भारत के राष्ट्रपति ने 17 जनवरी 2022 को हरियाणा पुलिस की व्यावसायिकता के प्रति प्रतिबद्धता और मानवता की सेवा में उच्च रैंक के अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड के लिए इस पुरस्कार को मंजूरी दी।

3. हाल ही में किस बैंक ने दूसरे वैश्विक हैकाथॉन "अग्रदूत 2023" की घोषणा की हैं?

a) भारतीय रिज़र्व बैंक
b) एशियाई विकास बैंक
c) सिंगापुर बैंक
d) बैंक ऑफ़ अमेरिका

Ans :- भारतीय रिज़र्व बैंक ने 'समावेशी डिजिटल सेवाएं' थीम के साथ अपने दूसरे वैश्विक हैकाथॉन – 'अग्रदूत 2023 – परिवर्तन के लिए नवाचार' की घोषणा की। हैकाथॉन के लिए पंजीकरण 22 फरवरी, 2023 से शुरू होगा। इसे भारत के भीतर और अमेरिका, ब्रिटेन, स्वीडन, सिंगापुर, फिलीपींस और इज़राइल सहित 22 अन्य देशों से टीमों द्वारा प्रस्तुत 363 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। फिनटेक को ऐसे समाधान विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया है जो डिजिटल वित्तीय सेवाओं को दिव्यांगों के लिए सुलभ बनाने, कुशल अनुपालन की सुविधा प्रदान करने, सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्राओं की पहुंच का विस्तार करने और ब्लॉकचेन की स्केलेबिलिटी को बढ़ाने की क्षमता रखते हैं।

4. केंद्र सरकार ने भारत-चीनी सीमा की सुरक्षा के लिए ITBP की कितनी नई बटालियन के गठन को मंजूरी दी?

a) 5
b) 7
c) 10
d) 12

Ans :- भारत-चीन बॉर्डर की सुरक्षा के लिए तैनात 'आईटीबीपी' पर केंद्र सरकार ने पूर्ण भरोसा जताते हुए सात नई बटालियनों के गठन को स्वीकृति दी। लगभग 9500 जवानों की भर्ती का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि 'एलएसी' पर विषम परिस्थितियों के बीच बॉर्डर की सुरक्षा पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा प्रभावी तरीके से हो सकेगी।

5. राजस्थान सरकार किस स्थान पर 35.25 करोड़ रुपये की लागत से विज्ञान केंद्र और तारामंडल का निर्माण करेगी?

a) जयपुर
b) जोधपुर
c) कोटा
d) उदयपुर

Ans :- राजस्थान सरकार कोटा में 35.25 करोड़ रुपये की लागत से विज्ञान केंद्र और तारामंडल का निर्माण करेगी। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद और राजस्थान सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने विज्ञान केंद्रों और तारामंडल के निर्माण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विज्ञान केंद्रों और तारामंडलों में से एक होगा।

6. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'साइकिल फॉर हेल्थ ' साइक्लोथॉन का आयोजन किस शहर में किया हैं?

a) जयपुर
b) गुरुग्राम
c) नई दिल्ली
d) गाजियाबाद

Ans :- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 14 फरवरी 2023 को नई दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 'साइकिल फॉर हेल्थ ' का आयोजन किया। यह नवंबर 2022 में शुरू किए गए साल भर चलने वाले 'स्वस्थ मन, स्वस्थ घर अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य स्वस्थ जीवन के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना और बढ़ाना है।

7. हाल ही में महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का मेंटर किसे नियुक्त किया गया है?

a) पी. टी. उषा
b) मिताली राज
c) सानिया मिर्जा
d) झूलन गोस्वामी

Ans :- भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा को महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का मेंटर नियुक्त किया गया है। सानिया मिर्जा ने अपने 6 ग्रैंड स्लैम और 43 डब्ल्यूटीए खिताबों के शानदार करियर में 20 साल तक शानदार प्रदर्शन किया। सानिया मिर्जा अपने खेल करियर में कई चुनौतियों के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प से उपजी सफलता के साथ एक आदर्श रोल मॉडल हैं।

8. हाल ही में चक्रवात गेब्रियल के कारण किस देश ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया है?

a) थाईलैंड
b) मलेशिया
c) न्यूजीलैंड
d) ऑस्ट्रेलिया

Ans :- 14 फरवरी 2023 को न्यूजीलैंड सरकार ने चक्रवात गेब्रियल के उत्तरी द्वीप पर तबाही मचाने के बाद राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की। चक्रवात गेब्रियल ने पूरे उत्तरी द्वीप में व्यापक बाढ़, भूस्खलन, और विशाल समुद्र में बाढ़ ला दी। यह नवीनतम आपदा 2011 के क्राइस्टचर्च भूकंप और 2020 में कोविड महामारी के बाद तीसरी राष्ट्रीय आपात स्थिति है।

ONE LINER

"किसे जनवरी 2023 के लिए ICC महिला प्लेयर ऑफ़ द मंथ चुना गया है - ग्रेस स्क्रिवेंस (इंग्लैंड)

"National Ranking Archery Tournament" में पुरुष रिकर्व का खिताब किसने जीता है - तरुणदीप राय ने

हाल ही में किस मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्द्धन अभियान (PRASHAD)' के तहत चार तीर्थस्थलों का चयन किया है - पर्यटन मंत्रालय

भारतीय सेना में शामिल स्वार्म ड्रोन सिस्टम की निर्माण किस स्टार्ट-अप ने किया है - न्यूस्पेस रिसर्च एंड टेक्नोलॉजीज

उत्तर प्रदेश सरकार ने किस देश के साथ आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है – सिंगापुर

हाल ही में महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का मेंटर किसे नियुक्त किया गया है - सानिया मिर्जा

किस कंपनी के द्वारा सौर ऊर्जा से चलने वाले ड्रोन "सूरज" का यहां एयरो इंडिया 2023 में अनावरण किया है - गरुड़ एयरोस्पेस

टॉमटॉम की रिपोर्ट के अनुसार, किस शहर के ट्रैफिक ने इसे 2022 में दुनिया का दूसरा सबसे धीमा स्थान बना दिया है - बेंगलुरु